दिनांक 14.12.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शहरों में ब्रांड एम्बेसडर्स चयन किये जाने के संबंध में नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त के0एल0 चौहान ने बताया कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी राज्य शहरी विकास अभिकरण छ0ग0 के आदेश क्रमांक/9/सूडा/2017–18/4928 नया रायपुर दिनांक 1210.2017 को स्वच्छ सर्वेक्षण 2018 के दिशा निर्देश के अनुरुप ब्रांड एम्बेसडर्स का चयन एवं स्वच्छता में इनकी सहभागिता जनजागृति महत्वपूर्ण आयाम है। मान. महापौर/अध्यक्ष के 9–9 स्वच्छता दुत ब्रांड एम्बेसडर्स चयन कर विभिन्न पखवाड़ों में इनके माध्यम से जनजागृति के कार्य पूर्ण किया जाना है।

आयुक्त चौहान ने कहा कि विभिन्न विधाओं में पारंगत शहर का नागरिक जैसे ख्याति प्राप्त डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, खिलाड़ी, उद्योगपति आदि को मान. महापौर/अध्यक्ष के शहर स्तरीय स्वच्छता दूत एवं वार्ड स्तर पर मान. पार्षद के स्वच्छता दूत के रुप में चयन करें एवं स्वच्छता दूत के कार्यक्रम आयोजित कर उनका प्रचार–प्रसार करने कहा।

शासन के आदेशानुसार नगर पालिक निगम भिलाई के मान. महापौर देवेन्द्र यादव ने पूर्व में ही भारत स्वच्छता अभियान के अंतर्गत ब्रांड एम्बेसडर्स चयनित शिक्षण क्षेत्र श्री संजय रुंगटा, समाजसेवी आत्मनिर्भर, सहाना परवीन, समाजसेवी इंडियन रेडक्रास सोसायटी उपाध्यक्ष श्री सतीश शाह, शिक्षक संतोष राय, सामाजिक कार्यकर्ता बी. पोलम्मा, डायरेक्टर, रायटर, संगीत गुरु, पी.एच.डी. श्री सोनाली चक्रवर्ती, आर्ट ऑफ लिविंग शिक्षक एवं समाजसेवी राजेश कुमार साहू, डॉक्टर पूजा गुप्ता, मार्शल आर्ट श्री गिरीराव, चयन किया गया है।

जन सम्पर्क अधिकारी